IT

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग
### आई.टी. भवन, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005

क्रमांक :–एफ.2(3716) / डी.ओ.आई.टी. / संस्था / 14/03090/2020 जयपुर, दिनांक 28.07.2020

**अनापत्ति प्रमाण पत्र**

श्री धर्माराम सांगवा, सूचना सहायक, भामाशाह डाटा सेन्टर, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर ने **BLIS** परीक्षा हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने का प्रार्थना पत्र प्रेषित किया है। श्री धर्माराम सांगवा, सूचना सहायक को **BLIS,Swami Vivekanand Subharti University, Meerut** से **पत्राचार के माध्यम से परीक्षा** में सम्मिलित होने की स्थिति में इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति उक्त सूचना सहायक को राजस्थान सिविल सेवाऐं (आचरण) नियम, 1971 के नियम–17 की निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन प्रदान की जाती हैः–

1. शिक्षण संस्थान में अध्ययन का समय यदि कार्यालय समय के समान ही हो तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त मानी जाएगी।
2. राजसेवक का पदस्थापन अध्ययन स्वीकृति संस्थान के मुख्यालय से परिवर्तन / स्थानान्तरित हो जाता है तो अध्ययन स्वीकृति स्वतः ही समाप्त हो जायेगी।
3. प्रत्येक वर्ष के लिये अलग अलग अनुमति लेनी आवश्यक होगी।
4. विभाग की पूर्वानुमति प्राप्त किये बगैर अध्ययन चालू रखने एवं परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कर्मचारियों के विरूद्व नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।
5. जिन कर्मचारियों को इस वर्ष उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु अथवा अध्ययन जारी रखने एवं परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी उन्हे परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा।
6. अध्ययन स्वीकृति दिये जाने से अधिकारी / कर्मचारी को किसी स्थान विशेष पर पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकारी नहीं मिल पायेगा और उसका स्थानान्तरण किया जा सकता है।
7. अध्ययन से राजसेवक दैनिक राजकीय कार्य सम्पादन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेगा, अन्यथा स्वीकृति समाप्त कर दी जाएगी।
8. अध्ययन वर्ष मे अधिकारी / कर्मचारी की उपस्थिति का प्रतिशत कम होने के लिये सरकार / विभाग किसी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा।
9. परीक्षा की तैयारी हेतु किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
10. प्रशासनिक कारणोवश अध्ययन स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
11. उक्त शर्तो की अवहेलना करने या पाई जाने पर कार्मिक / कार्मिका के विरूद्व कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक प.9(5)(9) / कार्मिक / क–3 / 2001 दिनांक 16 मई 2002 के अनुसार वृहत शास्ति हेतु अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी।

Sd/–

**(विवेक कुमार)**
**विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.) एवं**
**प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराजपत्रित)**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. श्री धर्माराम सांगवा, सूचना सहायक, भामाशाह डाटा सेन्टर, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी वेबसाइड, वेबसाइड पर अपलोड कराने हेतु।
4. निजी / रक्षित पत्रावली।

27/07/2020

**प्रशासनिक अधिकारी (संस्थापन)**

DoIT

**राजस्थान सरकार**
**सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग**
**आई.टी. भवन, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005**

क्रमांक :–एफ.2(7304)/डी.ओ.आई. टी./संस्था/17/03091/2020 जयपुर, दिनांक : 28.07.2020

**अनापत्ति प्रमाण पत्र**

श्री गोपाल शर्मा, सूचना सहायक, रोजगार सेवा निदेशालय, रोजगार विभाग, जयपुर को **सुरेश ज्ञानविहार विश्वविद्यालय जयपुर** से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से **एम.सी.ए. तृतीय वर्ष परीक्षा** में सम्मिलित होने की स्थिति में इस विभाग को कोई आपत्ति नहीं है।

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति श्री गोपाल शर्मा, सूचना सहायक को राजस्थान सिविल सेवाऐं (आचरण) नियम, 1971 के नियम–17 की निम्नलिखित शर्तो के अध्यधीन प्रदान की जाती है

1. कर्मचारियों को परीक्षा दिवसों के अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा।
2. अध्ययन स्वीकृती/परीक्षा की अनुमति दिये जाने से अधिकारी/कर्मचारी को किसी स्थान विशेष पर पदस्थापन निरन्तर रखने का अधिकार नहीं मिल पायेगा और उसका स्थानान्तरण किया जा सकता है।
3. परीक्षा की तैयारी हेतु किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।
4. प्रशासनिक कारणवश स्वीकृति बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।
5. उक्त शर्तो की अवहेलना करने या पाई जाने पर कार्मिक/कार्मिका के विरूद्व कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक प.9(5)(9)/कार्मिक/क–3/2001 दिनांक 16 मई 2002 के अनुसार वृहत शास्ति हेतु अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी।

कार्मिक को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने से पूर्व विभागीय स्वीकृती प्राप्त करें।

Sd/–
**(विवेक कुमार)**
**विशेषाधिकारी (यू.आई.डी) एवं**
**प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराजपत्रित)**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. संयुक्त निदेशक (स्वरोजगार), रोजगार सेवा निदेशालय, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर।
2. श्री गोपाल शर्मा, सूचना सहायक रोजगार सेवा निदेशालय, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी वेबसाइड, वेबसाइड पर अपलोड कराने हेतु।
4. संबंधित निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

27.07.2020

**प्रशासनिक अधिकारी (संस्थापन)**